सरकारी योजनाओं से किसान- मजदूर हो रहे सशक्त : तोमर

नवभारत न्यूज

मुरैना, 29 जनवरी। केंद्र एवं प्रदेश सरकार निरंतर विकास की दिशा में आगे बढ़ रही हैं। प्रदेश सरकार गांव, गरीब, किसान एवं मजदूर की चिंता करते हुए नए नवाचारों एवं विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से उन्हें लाभान्वित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है, ताकि

दिमनी में 11.61 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन-लोकार्पण

गांव विकास की मुख्य धारा से जुड़ सकें।

यह बात विसं अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने दिमनी विसं में 11.61 करोड़ के विकास व निर्माण कार्यो के लोकार्पण व शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान कही। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा गांव-गांव सड़क, बिजली और पानी जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, साथ ही किसानों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने के लिए किसान सम्मान निधि योजना लागू की गई है, जिससे किसानों को सीधा लाभ मिल रहा है और सहायता राशि उनके खातों में सीधे पहुंच रही है।

खुड़ी-महूरी क्षेत्र में इन विकास कार्यों की मिली सौगात : विधानसभा अध्यक्ष ने सर्वप्रथम ग्राम खुड़ी में महुरी से खुड़ी मार्ग तक 3 करोड़ 27 लाख की लागत से 5 किमी लंबी सड़क का भूमिपूजन किया। इसके बाद उन्होंने महूरी में 6.36 लाख की लागत से सीसी खरंजा, 3 लाख की लागत से महूरी शांतिधाम, 14.82 लाख की लागत से तालाब निर्माण, 14.54 लाख की लागत से तालाब निर्माण की पक्की पाल तथा 10 लाख की लागत से सामुदायिक भवन का भूमिपूजन किया।

टीकतपुरा-कमतरी में भी हुए भूमिपूजन : ग्राम टीकतपुरा में 3 करोड़ 1 लाख की लागत से 4.50 किमी लंबी चिरपुरा से अंबाह मार्ग तक सड़क का भूमिपूजन किया। वहीं ग्राम पंचायत कमतरी में 37.50 लाख की लागत से पंचायत भवन, 9.50 लाख की लागत से आंगनबाड़ी भवन, 9.50 लाख की लागत से द्वारिकापुरी आंगनबाड़ी भवन, 3.70 लाख की लागत से शांतिधाम, 3.70 लाख की लागत से चिंते का पुरा में शांतिधाम, 9.98 लाख की लागत से शिंधे का पुरा में सीसी रोड, 8.97 लाख की लागत से चिंते का पुरा में सीसी रोड तथा 10.40 लाख की लागत से वित्त का पुरा में सीसी रोड का लोकार्पण किया गया।

लोकार्पण-शिलान्यास समारोह में यह लोग भी रहे मौजूद

कार्यक्रम के दौरान सांसद शिवमंगल सिंह तोमर, भाजपा जिलाध्यक्ष कमलेश कुशवाह, अंबाह जनपद अध्यक्ष मधुरिमा तोमर, जिपं सीईओ कमलेश कुमार भार्गव, एसडीएम अंबाह रामनिवास सिकरवार, जनपद सीईओ देवेन्द्र जैन, समाजसेवी राजीव कंषाना, डॉ. योगेशपाल गुप्ता सहित जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

छात्राओं ने किया एसपी ऑफिस का भ्रमण, देखी कार्यप्रणाली

नवभारत न्यूज

मुरैना, 29 जनवरी। पुलिस मुख्यालय के निर्देशन में चलाए जा रहे एकीकृत जागरुकता अभियान (अभिमन्यु, सृजन एवं सम्मान) के अंतर्गत कस्तूरबा गांधी छात्रावास की 50 छात्राओं ने गुरूवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय का भ्रमण किया। शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम के तहत महिला थाना प्रभारी निरीक्षक नेहा शर्मा और उनकी टीम के साथ कस्तूरबा गांधी छात्रावास की 50 बालिकाएं पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचीं। यहां बालिकाओं ने सायबर सैल इकाई, डायल-112, पुलिस कंट्रोल रूम का भ्रमण कर पुलिस की कार्यप्रणाली को नजदीक से देखा और समझा। इस दौरान बालिकाओं को सायबर सैल की टीम ने सायबर अपराध और सायबर सुरक्षा के बारे में जानकारी दी। महिला पुलिस थाना की टीम ने बालिकाओं को गुड टच-बैड टच की पहचान, बचाव और महिला अपराधों के संबंध में जानकारी दी। डायल-112 के प्रभारी एसआई दिलीप चौधरी ने आपातकालीन सेवा के उपयोग की प्रक्रिया के बारे में बालिकाओं को विस्तार से समझाया।

यातायात जागरुकता के लिए स्काउट-गाइड ने निकाली रैली

नवभारत न्यूज

मुरैना, 29 जनवरी। आमजन को यातायात के नियमों के प्रति जागरुक बनाने के लिए ट्रैफिक पुलिस ने गुरूवार को स्काउट,

ट्रैफिक पुलिस और स्काउट, गाइड के संयुक्त तत्वावधान में आयोजन

गाइड के सहयोग से नगर में जागरुकता रैली निकाली। यह रैली बैरियर चौराहा से प्रारंभ हुई। जिसके बाद एमएस रोड होकर पं. बिस्मिल संग्रहालय पहुंचीं, जहां

रैली का समापन हुआ।

सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा थीम पर आधारित रैली से पूर्व यातायात प्रभारी संतोष भदौरिया ने स्काउट, गाइड को यातायात के नियमों से अवगत कराया। जिनमें दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने, दोपहिया वाहन पर तीन सवारी न बैठाने, मानक नंबर प्लेट लगाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न किए जाने, शराब पीकर वाहन ने चलाने के नियम शामिल थे। श्री भदौरिया ने स्काउट, गाइड को राजवीर योजना, हिट एंड रन पीड़ित प्रतिकर योजना एवं कैशलेस उपचार योजना के बारे में भी जानकारी दी। जिसके बाद एएसपी सुरेन्द्रपाल डाबर ने रैली को हरीझंडी दिखाई।

रैली में स्काउट, गाइड के सहायक राज्य संगठन आयुक्त वीरसिंह यादव, जिला सचिव शेखर सिंह यादव, जितेन्द्रपाल सिंह भदौरिया, रामनरेश डंडौतिया, राकेश कुमार शर्मा, श्रीमती सारिका चतुर्वेदी, मधुलता तोमर, सुमन यादव सहित दो सैकड़ा की संख्या में स्काउट, गाइड, रोवर, रेंजर शामिल हुए।

कुल्हौली हाईस्कूल में कैरियर काउंसलिंग मेला आयोजित

नवभारत न्यूज

मुरैना/सबलगढ़, 29 जनवरी। समग्र शिक्षा अभियान के तहत शासकीय हायरसेकेंडरी स्कूल कुल्हौली में गुरूवार को कक्षा-9 से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं के लिए कैरियर काउंसलिंग मेले का आयोजन किया गया। पांच दिन तक चलने वाले इस मेले का आयोजन 27 फरवरी से 31 जनवरी तक होगा।

विद्यालय के प्राचार्य योगेश कुमार शर्मा ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार आयोजित इस करियर मेला एवं काउंसलिंग कार्यक्रम का आज द्वितीय दिवस

रहा। जिसमें कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों के मार्गदर्शन हेतु काउंसलर के रूप में जुगल किशोर मीणा को आमंत्रित किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को कौशल विकास, व्यावसायिक शिक्षा, आईटीआई एवं पॉलिटेक्निक कॉलेजों में उपलब्ध विभिन्न व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की विस्तृत जानकारी देकर भविष्य निर्माण के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही विद्यार्थियों को अपनी रुचि एवं क्षमता के अनुसार करियर चयन करने के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया। कैरियर मेला एवं काउंसलिंग कार्यक्रम के नोडल अधिकारी प्रकाशचंद्र धाकड़ ने बताया कि यह कार्यक्रम 31 जनवरी तक कुल पांच सत्रों में संपन्न होगा, जिसमें विद्यार्थियों को विभिन्न विषयों एवं करियर विकल्पों पर विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन दिया जाएगा। यह आयोजन विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य और सही करियर चयन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हो रहा है।

एक नजर में

मनरेगा योजना को लेकर कांग्रेस का पोरसा में प्रदर्शन आज

मुरैना/पोरसा, 29 जनवरी। मनरेगा योजना का नाम बदले जाने के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पोरसा के तत्वावधान में आज 30 जनवरी को पोरसा में विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर ने बताया कि केन्द्र की भाजपा सरकार ने महात्मा गांधी के नाम को हटाने के लिए मनरेगा योजना का नाम बदलकर वीबीजीरामजी योजना कर दिया है। केन्द्र सरकार के इस कारनामे के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ता शुक्रवार की सुबह 11 बजे कस्बा पोरसा के बरगद चौराहे पर एकत्रित होंगे। जहां उनके द्वारा शांतिपूर्ण तरीके से विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

मिल्क पार्लर से बेच सकेंगे सिर्फ सांची दूध व दुग्ध उत्पाद

मुरैना। शहरी क्षेत्र में संचालित सांची मिल्क पार्लरों को आकर्षक लुक देने के लिए ग्वालियर सहकारी दुग्ध संघ के सीईओ ने गुरूवार को नगर निगम के प्रभारी कमिश्नर लालसिंह डोडिया से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान सीईओ मोहम्मद राशिद ने ननि कमिश्नर लालसिंह डोडिया के साथ मिल्क पार्लरों को उन्नत और आकर्षक बनाने के संबंध में विस्तृत चर्चा की। सीईओ ने बताया कि मप्र शासन की मंशा राज्य में सांची के दूध एवं दुग्ध उत्पादों के विक्रय को बढ़ावा देना है। जिसके तहत नगर निगम से आवंटित मिल्क पार्लरों को उनके संचालकों के निजी व्यय पर आधुनिक एवं आकर्षक रूप में स्मार्ट पार्लर बनाने का काम किया जाएगा। सीईओ मोहम्मद राशिद ने कहा कि जिन मिल्क पार्लरों से सांची दूध एवं दुग्ध उत्पादों के बजाय प्रतिबंधित अन्य सामग्री का वितरण किया जा रहा है, उनके आवंटनों को रद्द किया जाएगा। सांची के उत्पादों का विक्रय करने वाले पार्लर संचालकों की सहमति से उनके निजी व्यय पर स्मार्ट पार्लर के रूप में विकसित करने की सहमति पर अनुबंध का नवीनीकरण किया जाएगा।

ग्वालियर-कैलारस मेमू ट्रेन में बेटिकट 18 मुसाफिर पकड़े

मुरैना। ग्वालियर-कैलारस रेलखंड पर चलने वाली मेमू ट्रेनों में मंडल रेल प्रबंधक झांसी अनिरुद्ध कुमार के निर्देश पर बेटिकट यात्रियों के विरुद्ध चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान 18 यात्री ऐसे मिले जो कैलारस से ग्वालियर तक निर्धारित 20 रुपए किराया दिए बिना यात्रा करते हुए पकड़े गए। इनके ऊपर जुर्माना कर रेलवेकर्मियों ने 4 हजार 815 रुपए का जुर्माना किया। रेल मंडल झांसी के पीआरओ मनोज कुमार सिंह ने बताया कि ग्वालियर-कैलारस रेलखंड पर किलेबंदी चेकिंग अभियान के दौरान कई यात्री ट्रेन के अंदर बीड़ी-सिगरेट पीते हुए मिले, वहीं कई यात्री पुड़िया-तंबाकू खाकर गंदगी फैला रहे थे। इनके विरुद्ध भी रेलवे अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। चेकिंग अभियान का नेतृत्व सहायक वाणिज्य प्रबंधक आरके वर्मा द्वारा किया गया।

मद्य निषेध संकल्प दिवस आज

मुरैना। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग मंत्रालय के निर्देश पर 30 जनवरी को जिले में मद्य निषेध संकल्प दिवस का आयोजन किया जाना है। इस संबंध में कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ द्वारा संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। कलेक्टर ने बताया कि मद्य निषेध संकल्प दिवस का मुख्य उद्देश्य समाज के सभी वर्गों में बढ़ती मद्यपान एवं मादक पदार्थों के सेवन से उत्पन्न नशे की प्रवृत्ति पर प्रभावी रोकथाम करना है। इस अवसर पर नागरिकों को मद्यपान एवं नशीले पदार्थों के त्याग का संकल्प दिलाया जाएगा। संकल्प लेने वाले व्यक्तियों से संकल्प पत्र एवं शपथ पत्र भरवाने की कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाएगी, ताकि प्रदेश में नशामुक्ति के प्रति जन-आंदोलन का वातावरण निर्मित किया जा सके।

जौंहा में 0.52 हेक्टेयर सरकारी जमीन से हटाया अतिक्रमण

मुरैना। जनपद अंबाह के जौंहा गांव में राजस्व अमले ने 0.52 हेक्टेयर शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाया। शासकीय भूमि सर्वे क्रमांक 2398 पर पूर्व में बेदखल किए गए कब्जेधारकों ने दोबारा सरसों की फसल बो दी थी। जिसे राजस्व अमले की मौजूदगी में नष्ट कर शासकीय भूमि को पुनः प्रशासन के कब्जे में लिया गया। कार्रवाई का नेतृत्व नायब तहसीलदार अंबाह राजेन्द्र मौर्य ने किया। उनके साथ राजस्व विभाग के अन्य अधिकारी व कर्मचारी भी मौके पर उपस्थित रहे, जिससे किसी प्रकार की अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न न हो।

श्रीमूर्ति महामाया मंदिर न्यास की बैठक 1 फरवरी को

मुरैना, 29 जनवरी। श्रीमूर्ति महामाया मंदिर न्यास कमेटी की साधारण सभा की बैठक का आयोजन आगामी 1 फरवरी को होगा। यह बैठक 1 फरवरी को सुबह 11 बजे महामाया मंदिर धर्मशाला में आयोजित होगी। ट्रस्ट मंडल के अध्यक्ष किशन बाथम ने बताया कि इस बैठक में महामाया मंदिर न्यास कमेटी के निर्वाचन को लेकर चर्चा की जाएगी। श्री बाथम ने बताया कि कमेटी के पदाधिकारियों का त्रिवार्षिक कार्यकाल पूर्ण होने पर पुनः निर्वाचन प्रक्रिया का आयोजन किया जाएगा। निर्वाचन प्रक्रिया को लेकर इस बैठक में चर्चा कर कार्ययोजना तैयार की जाएगी।

यूजीसी : एकजुट सवर्ण समाज ने निकाली रैली, किया प्रदर्शन

नवभारत न्यूज

मुरैना, 29 जनवरी। यूनिवर्सिटी ग्रान्ट कमीशन के नियमों में किए गए बदलाव के विरोध में सवर्ण समाज के लोगों ने गुरूवार को पुराना बस स्टैंड से ओल्ड कलेक्ट्रेट तक रैली निकालकर

पीएम मोदी, भाजपा मुर्दाबाद के नारे लगाए, फूंका पुतला दिया ज्ञापन

एकजुटता का प्रदर्शन किया। कलेक्ट्रेट पर जोरदार प्रदर्शन के बाद राष्ट्रपति के नाम तहसीलदार सीताराम वर्मा को ज्ञापन दिया गया। रैली शुरू होने से पहले सवर्ण समाज के लोगों ने पुराना बस स्टैंड पर पीएम नरेन्द्र मोदी का पुतला भी जलाया।

सवर्ण एकता संघर्ष मोर्चा के बैनर तले हजारों की संख्या में सवर्ण समाज के लोग गुरूवार की दोपहर 12 बजे पुराना बस स्टैंड परिसर में एकत्रित हुए। यहां उनके द्वारा केन्द्र की भाजपा सरकार और पीएम नरेन्द्र मोदी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पीएम मोदी का पुतला जलाया। जिसके बाद पैदल मार्च शुरू हुआ। पैदल मार्च में शामिल हजारों की संख्या में सवर्ण समाज के युवाओं ने पीएम नरेन्द्र मोदी और भाजपा के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। पैदल मार्च शहर की एमएस रोड से होकर पुरानी कलेक्ट्रेट पहुंचा। यहां सवर्ण समाज के लोगों ने करीब आधा घंटे तक कलेक्ट्रेट के बाहर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। जिसके बाद तहसीलदार सीताराम वर्मा को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा।

सांसद, विधायकों का घेराव करने की दी चेतावनी : प्रदर्शन के दौरान सवर्ण एकता संघर्ष मोर्चा के दिनेश डंडौतिया ने कहा कि केन्द्र सरकार ने यूजीसी के नियमों में बदलाव को वापस नहीं लिया तो आंदोलन के अगले चरण में क्षेत्रीय सांसद, विधायकों का घेराव किया जाएगा।

ज्ञापन में रखी गईं है यह तीन मांगें

- 1. जातिगत भेदभाव के इतर रंजिशन झूठे केस में सवर्णों को फंसाने वालों पर कार्रवाई होना चाहिए। 2012 में लागू हुए नियमों के अनुसार शिकायत झूठी मिलने पर जुर्माने का प्रावधान था।
- 2. अगर कोई ओबीसी का छात्र एससी व एसटी वर्ग से भेदभाव करता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई का प्रावधान क्यों नहीं है भेदभाव के मामले तो यहां भी होते हैं।
- 3. नए नियम में ओबीसी को भी पीड़ित पक्ष में रखा गया है, तो क्या सामान्य वर्ग को पहले से ही दोषी मान लिया गया है सामान्य वर्ग के साथ क्या भेदभाव नहीं होता। यह समानता के संवैधानिक सिद्धांत (अनुच्छेद 14) का खुला उल्लंघन है, जब तक सामान्य वर्ग के हितों की रक्षा हेतु आवश्यक सुधार नहीं किए जाते, इस रेगुलेशन के क्रियान्वयन को तुरंत रोका जाए।

सहायक संचालक ने किया हाईस्कूल-हासे परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण

नवभारत न्यूज

मुरैना, 29 जनवरी। शिक्षा विभाग की सहायक संचालक प्रिया सिंह ने माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा आयोजित हाईस्कूल एव हायर सेकंडरी की वार्षिक प्रथम परीक्षा शीघ्र ही प्रारंभ होने वाली हैं। कैलारस ब्लॉक के अंतर्गत अशासकीय बृजपाल एकेडमी उमावि कैलारस, शासकीय उत्कृष्ट उमावि कैलारस, शासकीय कन्या उमावि कैलारस, शासकीय एकीकृत बालक मावि कैलारस, शासकीय कन्या मावि कैलारस, आचार्य नरेंद्र देव डीएलएड कॉलेज कैलारस, शासकीय सांदीपनि उमावि कुटरावली कैलारस कुल सात परीक्षा केंद्र बनाए गए है। इन सभी परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण सहायक संचालक प्रिया सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे, लाइट, पानी, शौचालय, एवं बच्चों के बैठने के लिए फर्नीचर की पर्याप्त व्यवस्था रहे। किसी भी परीक्षा केंद्र पर कोई समस्या हो तो अभी अवगत कराएं। जिससे समस्याओं का समाधान कर सुचारू रूप से आगामी दिनों में होने वाली परीक्षाओं का संचालन किया जा सके।

रिफाइंड ऑइल, आरएम केमिकल मिलाकर बना रहे थे सिंथेटिक दूध

नवभारत न्यूज

मुरैना, 29 जनवरी। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने 29 जनवरी की सुबह माताबसैया थाना क्षेत्र के गांव जगतपुर में एक घर में

फूड सेफ्टी विभाग की टीम ने जगतपुर गांव में की कार्रवाई

संचालित दूध डेयरी पर छापा मारा। मौके पर रिफाइंड ऑइल और आरएम केमिकल की मिलावट कर सिंथेटिक दूध का निर्माण किया जा रहा था।

जानकारी के अनुसार फूड सेफ्टी ऑफिसर अवनीश कुमार गुप्ता, अनिल प्रताप सिंह परिहार की टीम ने गुरूवार की सुबह 8.45 बजे

जगतपुर गांव में पहुंचीं। टीम ने यहां अशोक सिंह कुशवाह के मकान में संचालित दूध डेयरी पर छापा मारा। मौके पर रिफाइंड ऑइल और आरएम केमिकल की मदद से सिंथेटिक दूध का निर्माण किया जाना पाया गया। टीम ने मौके से 15 किग्रा रिफाइंड ऑइल, तीन टिन में भरा आरएम ऑइल जब्त किया है। कार्रवाई के दौरान टीम ने मौके पर दूध के तीन और रिफाइंड पाम ऑइल, आरएम केमिकल के एक-एक सैंपल लिए। इन सैंपलों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। फूड सेफ्टी विभाग की टीम ने डेयरी के पंजीयन को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया है।

लड्डू, मिल्क केक सहित 7 सैंपलों की जांच रिपोर्ट फेल : फूड सेफ्टी विभाग द्वारा अभियान चलाकर बूंदी-बेसन के लड्डू, मिल्क सहित खाने-पीने की चीजों के सैंपल जांच के लिए भोपाल भेजे गए थे। गुरुवार को सात सैंपल की जांच रिपोर्ट फेल होकर आई है। इनमें दुर्गापुरी कॉलोनी से लिए गए बूंदी के लड्डू, लक्षा इंटरप्राइजेज रानपुर अंबाह का मिल्क केक, कामेश अग्रवाल दत्तपुरा मुरैना का फ्रेश हाजमा जीरा, सोनू इंडस्ट्रीज बानमोर का रिफाइंड ऑइल और सांवरिया मिष्ठान भंडार बैरियर का चूरमा का लड्डू अवमानक यानि न खाने योग्य पाया गया है। इसी प्रकार राधेश्याम मिष्ठान भंडार भगत सिंह कॉलोनी जौरा के बेसन के लड्डू का सैंपल असुरक्षित श्रेणी का निकला। इसके अलावा यादव मसाला केंद्र सब्जी मंडी मुरैना से लिए गए लाल मिर्च पाउडर भी खराब गुणवत्ता का निकला।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी रा. अनुविभाग-अंबाह, जि. मुरैना (म.प्र.)

प्र.क्र.0179/24-25/अ.मा.

अंबाह, दि. 22/01/2026

विज्ञप्ति

जरिये विज्ञप्ति सूचित किया जाता है कि अपीलान्ट उदयभान सिंह पुत्र रघुनाथ सिंह जा. ठाकुर नि. रूअर, तह. अंबाह बनाम भगवान सिंह पुत्र ऊदल सिंह आदि जा. गुर्जर ठाकुर नि. अधन्नपुर तह. अंबाह जि. मुरैना म.प्र. द्वारा न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अनुविभाग अंबाह के प्र.क्र. 0179/24-25/अ.मा. मौ. अधन्नपुर प्रस्तुत किया है। जिसमें रेस्पो. क्रं. (2) महेन्द्र सिंह पुत्र ऊदल सिंह (4) सुभाष सिंह पुत्र ऊदल सिंह (5) सुनीता (6) शशी पुत्रियां ऊदल सिंह (7) सुनीता बेवा रामवीर सिंह (8) राजकिशोर पुत्र रामवीर सिंह (10) मल्लोबाई बेवा विजेन्द्र सिंह (12) पूनम पुत्री विजेन्द्र सिंह (13) शान्तीबाई बेवा दिलीप सिंह (15) अजय पुत्र दिलीप सिंह (16) आरती (17) पूजा पुत्रियां दिलीप सिंह समस्त जा. गुर्जर ठाकुर समस्त नि. ग्राम अधन्नपुर तह. अंबाह, जिला मुरैना म.प्र. को प्रकरण में उपस्थित होने हेतु।

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय में प्रचलित प्र.क्र. 0179/24-25/अ.मा. में नियत पेशी दि. 19/02/2026 को अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अनुभाग अंबाह में समय दोपहर 02 बजे स्वयं तथा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित हो सकते है। अनुपस्थित होने की दशा में एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

अतः विज्ञप्ति आज दिनांक 22/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की पद मुद्रा से जारी।

अनुविभागीय अधिकारी

अंबाह, जिला-मुरैना (म.प्र.)

कलेक्टर-एसपी पहुंचे करहधाम, देखीं सिय-पिय मिलन की तैयारियां

नवभारत न्यूज

मुरैना, 29 जनवरी। अंचल के प्रसिद्ध तीर्थस्थल करह आश्रम पर 68वां सिय-पिय मिलन समारोह 2 फरवरी से शुरू होगा, जो 9 फरवरी तक चलेगा। सात दिन तक चलने वाले इस समारोह में देशभर के लाखों श्रद्धालु दर्शन करने के लिए आएंगे। इसको देखते हुए

कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ ने पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ, एडिशनल एसपी सुरेंद्र कुमार डाबर, एसडीएम बीएस कुशवाह, प्रभारी आयुक्त नगर निगम लालसिंह डोडिया, तहसीलदार, बीएमओ, सीएमओ सहित करह आश्रम के महंत की मौजूदगी में मेले में पेयजल, छाया, विद्युत आपूर्ति आदि के पुख्ता प्रबंध करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने खाद्य विभाग को निर्देशित किया कि रेहड़ी, हाथठेला एवं अन्य दुकानदारों से नियमित रूप से फूड सैंपलिंग कराई जाए तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि कहीं भी बासी अथवा अस्वच्छ खाद्य सामग्री का विक्रय न हो। कलेक्टर ने मेले में अस्थायी शौचालयों (टॉयलेट) की संख्या बढ़ाने, आसपास की झाड़ियों की समुचित सफाई कराने के निर्देश दिए। साथ ही मेला समिति को सीसीटीवी कैमरे लगवाने के निर्देश दिए, ताकि संपूर्ण मेला क्षेत्र की निगरानी सीसीटीवी के माध्यम से की जा सके।